भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1319

उत्तर देने की तारीख-11/12/2023

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना

†1319. डॉ. थोल तिरुमावलवन:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना (एनटीएसएस) के तहत वर्ष 2019 से 2021 तक वर्ष-वार प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या एनटीएसएस ने एनसीईआरटी को प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करने में मदद की है; और

(ग) क्या सरकार ने एनटीएसएस को अभी जारी रखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क): 2019 से 2021 तक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना (एनटीएसएस) के तहत प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या का विवरण इस प्रकार है: -

क्र.सं.	वर्ष	छात्रवृत्तियों की संख्या
1.	2019	2103
2.	2020	2060
3.	2021	2033

(ख): जी, हाँ। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना की तृतीय-पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करने में यह काफी हद तक सफल रही है।

(ग) और (घ): सरकार ने एनटीएसएस को जारी रखने का प्रस्ताव दिया है और वर्तमान में इस योजना को नया रूप दिया जा रहा है।

****